Title: Need to declare road between Sasaram (Bihar) and Balia (U.P.) as a National Highway. -- Laid

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा): अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के रोहतास, सासाराम, करगहर, कोयस, चौसा, बक्सर होते हुए उत्तर प्रदेश के बलिया जिला तक जाने वाली सासाराम, बलिया मुख्य सड़क है। इस सड़क से कोलकत्ता (बंगाल) झारखंड राज्य के धनबाद, हजारीबाग, राँची, पलामू से आने वाली यात्री बस, कोयला ढोने वाले ट्रकण् टाटा से बलिया को जाने वाली लोहा छड़ ढोने वाला और बोकारो से जाने वाले सभी प्रकार के वाहन इसी सड़क से उक्त शहरों से होते हुए बलिया को जाते हैं। यह एक-मार्गीय शहर है। वाहनों के भारी दबाव होने के कारण यह सड़क हमेशा जाम और अवरूद्ध रहती है। कभी भयंकर घटनायें भी घटती रहती हैं। कई एक बार यात्रियों की जान तक चली गई है।

अतः श्रीमान के माध्यम से भूतल परिवहन मंत्री, भारत सरकार से मांग करता हूं कि इस सड़क को राट्रीय मार्ग घोाित कर भारत सरकार अधिग्रहण करने का कट करे ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

____________-